<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–13 अगस्त 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लखनऊ मेट्रो के चारबाग से बसंत कुंज तक चरण एक बी को दी मंजूरी। पांच हजार आठ सौ एक करोड़ रुपये की लागत से पांच वर्ष में पूरा होगा काम।
- रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट के फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति जताया आभार । मुख्यमंत्री ने कहा–प्रदेश की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगी मंत्रिमंडल की स्वीकृति।
- राज्य विधानमंडल के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन प्रमुखता से उठा बाढ़, कानून व्यवस्था और बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक भर्ती का मुद्दा । आज से होनी है विजन डाक्यूमेंट दो हजार सैंतालीस पर लगातार चौबीस घंटे की चर्चा।
- जौनपुर में रोडवेज की बस और ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत, आधा दर्जन लोग घायल।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लखनऊ मेट्रो के चारबाग से बसंत कुंज तक एक–बी चरण को मंजूरी दे दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस परियोजना पर पांच हजार आठ सौ एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत आयेगी। उन्होंने बताया कि इस चरण में कुल बारह स्टेशन तैयार किये जायेंगे और यह काम पांच वर्षों में पूरा हो जायेगा।

**लखनऊ मेट्रो का फेज वन बी बहुत ही इम्पोर्टेन्ट है। लखनऊ बड़ा शहर है वहां पर मेट्रो की बहुत जरूरत है। तो यहाँ पर फेज वन बी अप्रूव हुआ फाइव थाउजेंड 800 एक करोड़ रुपीस से फेज एक बी बनेगा ईस्ट से वेस्ट वाला चारबाग से लेकर वसंतकुंज तक का तो इस फेज से काफी बड़ी संख्या में पैसेंजर्स मेट्रो का लाभ उठा सकेंगे और नागरिकों के लिए बेनिफिट होगा। इस प्रोजेक्ट को पाँच साल में कंप्लीट किया जायेगा।**

रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण एक बी को कैबिनेट से स्वीकृति मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए रक्षा मंत्री ने इसे प्रगतिशील और लोकहित का निर्णय बताया। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्वीकृति प्रदेश की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगी।

लखनऊ मेट्रो के इस नये चरण को मंजूरी मिलने से स्थानीय लोगों में भी खुशी का माहौल है। लखनऊ निवासी मसूद अब्दुल्ला ने कहा कि इस चरण के पूरा होने से पुराने लखनऊ तक पर्यटकों की पहुंच आसान होगी।

**लखनऊ मेट्रो का सेकंड फेज जो अप्रूव हुआ है वो बहुत ही इम्पोर्टेंट है क्योंकि इससे ये होगा कि जो लोग बाहर से आ रहे हैं वो लोग आसानी से ट्रैवल कर सकते हैं और दूसरी चीज ये है कि उसमें जो रास्ते में जो भीड़ भाड़ होती है उसमें काफी वक्त बर्बाद होता है उसमें सबको सहूलत होगी।**

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत की गई लखनऊ मेट्रो परियोजना के जरिए अमीनाबाद, चौक, किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज, भूल भुलैया और रुमी दरवाजा जैसे लखनऊ के कई प्रमुख स्थानों पर मेट्रो सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

**********

जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। वहां के मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह और अपर पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कल जन्मभूमि परिसर का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

**********

प्रदेश में दो अगस्त से चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत विविध कार्यक्रमों के आयोजन जारी हैं। कल कौशांबी, मऊ, जौनपुर, अमरोहा, वाराणसी, रायबरेली, गौतमबुद्धनगगर, हरदोई, अयोध्या, शामली, औरैया, बांदा, उन्नाव, अम्बेडकरनगर और कुशीनगर सहित कई जिलों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं । इसी कड़ी में गाजियाबाद में जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहां के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जन–जन में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना है।

महराजगंज जिले में तिरंगा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर रक्तदान शिविर और अलग–अलग विभागों के स्टॉल भी लगाए गए।

**********

राज्य विधानमंडल के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में कल बाढ़, कानून व्यवस्था और बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों की भर्ती का मुद्दा प्रमुखता से उठा। समाजवादी पार्टी ने स्कूल मर्जर और प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की प्रवेश की आयु चार वर्ष करने जैसे

मुद्दों पर सरकार को घेरा। जवाब में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि विपक्ष मर्जर के नाम पर भ्रम फैला कर उसे राजनीतिक रंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि मर्जर के तहत सरकार ने एक भी विद्यालय को बंद करने का निर्णय नहीं लिया है।

**जितने भी हमारे भवन मर्जर के बाद में जो एक किलोमीटर की अवधि के अंदर थे पचास बच्चों से कम की संख्या थी उन विद्यालयों को मर्ज करके एक विद्यालय बना दिया गया जिससे सबसे ज्यादा अधिक संसाधनों वाला विद्यालय को चलाया जाए उसमें किसी भी बच्चे को पहुँचने में कोई कठिनाई नहीं होगी। उस विद्यालय को संचालित किया जाएगा और बाकी के जो विद्यालय रिक्त होंगे जो मर्ज करने के बाद में उन विद्यालयों में आईसीडीएस डिपार्टमेंट के साथ में मिलकर के हमारा बेसिक शिक्षा विभाग प्री प्राइमरी यानी प्ले स्कूल की यानि की नर्सरी केजी और ये सारी जो क्लास होती है इन क्लास को इस सत्र से प्रारम्भ करने जा रहे है।**

समाजवादी पार्टी के विधायकों ने पुलिस के स्थानांतरण और वेतन भत्ते को बढ़ाने की मांग उठाई। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने पुलिस को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

**जितना ये सरकार ने पुलिस प्रशासन और बाकी लोगों को खासतौर से नौकरी उनका टाइमली प्रमोशन देने का काम किया। किसी सरकार ने नहीं किया और जितनी सुविधाएं पुलिस सिपाहियों के लिए हेड कांस्टेबलों के लिए आप दो लाख उन्नीस हजार से ज्यादा तो नियुक्तियां दी हैं और उसमें बाकायदा बीस पर्सेंट महिलाओं का रिजर्वेशन दिया है। उसके साथसाथ उनको टाइमली प्रमोशन देते हैं मानवर और उनको आवास की सुविधा दे रहे हैं। बराबर हर पुलिस लाइन में बैरक बनवा रहे है मान्यवर।**

विधान परिषद में कल समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने प्रदेश में कानून व्यवस्था का भी मुद्दा उठाया। सरकार की ओर से दिए गए जवाब से असंतुष्ट होकर सपा सदस्यों ने सदन से वॉक आउट किया। सोलह अगस्त तक चलने वाले विधानमंडल के वर्तमान सत्र में सबसे अहम चर्चा विजन डॉक्यूमेंट–दो हजार सैंतालीस पर आज से शुरू होनी है। यह चर्चा कल तक चौबीस घंटे लगातार प्रस्तावित है। चर्चा के दौरान सभी मंत्री अपने–अपने विभागों का विजन डॉक्यूमेंट प्रस्तुत करेंगे, जिसे नागरिकों के सुझावों के आधार पर तैयार किया जाएगा।

**********

जौनपुर जिले के खेतासराय थानाक्षेत्र में गुरेनी पेट्रोल पम्प के पास कल रात एक रोडवेज बस और सामने से आ रही ट्रक के बीच हुई टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हैं। वहां के पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रतीत हुआ है कि रोडवेज की बस किसी कारणवश गलत दिशा चली गई थी। इसी दौरान उससे ट्रक टकरा गई।

**********

पहाड़ों के साथ–साथ विभिन्न जनपदों में हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने की वजह से प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। इस समय प्रदेश के कुल 23 जिले बाढ़ प्रभावित हैं। एक रिपोर्ट

***कानपुर, बदायूं ,फर्रुखाबाद और बलिया में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा, अयोध्या और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। कानपुर में नौ सेमी गंगा का जलस्तर बढ़ा है जो चेतावनी बिन्दु से महज 54 सेमी दूर है। ऐसे में प्रशासन ने संभावित बाढ़ग्रस्त गांवों को खाली करने के लिए निर्देशित किया है। फर्रुखाबाद में गंगा नदी खतरे के निशान से बीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। कई गांव बाढ़ प्रभावित है, उन्नाव में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने गंगा के जलस्तर में हुई वृद्धि को लेकर कल एक बैठक की और बाढ प्रभावित इलाकों में समस्त तैयारियों को युद्धस्तर पर जारी रखने के निर्देश दिए। अमरोहा और बदांयू में जिलाधिकारियों के द्वारा बाढ़ प्रभावित इलाकों में निरीक्षण कर राहत सामग्री वितरित की गयी। शाहजहांपुर में रामगंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।***

इस बीच प्रदेश के विभिन्न जिलों में रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी है।

**********

आंध्र प्रदेश के काकीनाड़ में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता दो हजार पच्चीस में उत्तर प्रदेश ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। हॉकी इंडिया के गठन के बाद जूनियर महिला हॉकी में उत्तर प्रदेश का यह पहला पदक है।

**********